4

संoसंo–2/कोर्ट–25/2022–

**बिहार सरकार**

**स्वास्थ्य विभाग**

**प्रेषक,**

**शैलेश कुमार**
**सरकार के अपर सचिव।**

कोर्ट केस
अतिआवश्यक

**सेवा में,**

**महालेखाकार (लेo एवं हo) बिहार,**
**वीरचन्द पटेल पथ, पटना।**

**पटना, दिनांक / /2025**

**विषय : डाo प्रभुनाथ प्रसाद सिंह, तत्कालीन सीनियर रेजिडेंट, राजेन्द्र चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, राँची, झारखंड सम्प्रति सेवानिवृत्त का 90% औपबंधिक पेंशन स्वीकृति के सम्बन्ध में ।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि डाo प्रभुनाथ प्रसाद सिंह, तत्कालीन सीनियर रेजिडेंट, राजेन्द्र चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, राँची, झारखंड दिनांक–28.02.2022 को सेवानिवृत्त हुए है। डाo प्रभुनाथ प्रसाद सिंह का पेंशन प्रपत्र अप्राप्त रहने के फलस्वरूप विभागीय सकारण आदेश संख्या–230(2), दिनांक–18.02.2025 एवं वित्त विभागीय ज्ञापांक–383, दिनांक–22.04.2019 की कंडिका–2(ii) के आलोक में डाo सिंह को तत्काल 90% औपबंधिक पेंशन की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. उक्त स्वीकृति इस शर्त्त के साथ प्रदान किया जाता है कि यदि इनके विरुद्ध किसी बकाया राशि/असमायोजित अग्रिम आदि की वसूली का मामला प्रकाश में आता है तो उसकी वसूली नियमानुकूल की जाएगी।

3. इस स्वीकृत्यादेश के साथ वित्त (वैoदाoनिoकोo) विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–61(25), दिनांक–07.01.2025 से निर्गत डाo सिंह का सेवा इतिहास, विभागीय सकारण आदेश संख्या–230(2), दिनांक–18.02.2025 एवं वित्त विभागीय ज्ञापांक–383, दिनांक–22.04.2019 की छायाप्रति संलग्न है।

4. अनुरोध है कि डाo प्रभुनाथ प्रसाद सिंह, तत्कालीन सीनियर रेजिडेंट, राजेन्द्र चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, झारखंड सम्प्रति सेवानिवृत्त को **90%** औपबंधिक पेंशन का प्राधिकार पत्र सभी प्रकार के बकाया के संबंध में पूर्णतः संतुष्ट होने के उपरान्त निर्गत करने की कृपा की जाए।

**अनुलग्नक–यथोक्त।**

**विश्वासभाजन,**

**ह0/–**

**(शैलेश कुमार)**

**ज्ञापांक–2/कोर्ट–25/2022–** 238(2) **पटना, दिनांक** 19/02/**2025**

**प्रतिलिपिः** वित्त(वैoदाoनिoकोo) विभाग, बिहार, पटना/अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, विकास भवन, कोषागार, नया सचिवालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

**प्रतिलिपिः** डाo प्रभुनाथ प्रसाद सिंह, तत्कालीन सीनियर रेजिडेंट, राजेन्द्र चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, राँची, झारखंड सम्प्रति सेवानिवृत्त पत्राचार का पता–16, आर्शीवाद, पीoएचoईoडीo वाटर टैंक के नजदीक, कृष्णा नगर, बूटी रोड, थाना–वरियातु, जिला–राँची, पीन कोड–834009/प्रशाखा पदाधिकारी–03, 09 एवं 18A को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

**प्रतिलिपि :**आईoटीo मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

19/2/25

**सरकार के अपर सचिव।**